दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 52 मुरादाबाद, 11 June 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## सीएम योगी ने गन्ना किसानों को किया सम्मानित, पहले होते थे आंदोलन, अब पहुंच रही यूपी की मिठास




चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि कोरोना की वजह से पुरस्कार नहीं दिए गए थे, जिनको आज मिल रहे है। छह साल से योगी के नेतृत्व में गन्ना उत्पादन में यूपी पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कोरोना में भी मिलें चलती रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनियाभर में यूपी अपनी मिठास पहुंचता है। छह साल पहले पर्ची चोरी, घटतौली और आंदोलन का दौर था। किसान अपनी फसल को आग लगाने को मजबूर था। पीएम मोदी ने किसानों के लिए कई रिफार्म लागू किए। इससे बड़ा बदलाव आया। आज यूपी गन्ना एवं चीनी उत्पादन, खांडसारी और इथनॉल उत्पादन में पहले स्थान पर है। अब जरूरत प्राकृतिक खेती की है। पंजाब में बढ़ते कैंसर की बड़ी वजह कीटनाशकों का प्रयोग है। प्राकृतिक खेती से धरती माता के साथ आपकी सेहत भी ठीक रहेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में प्रदेश के उन्नतिशील गन्ना किसानों के सम्मान समारोह और नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि हमने किसानों के साथ चीनी मिल मालिकों की समस्याओं का निराकरण किया। आज 2640 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन करने वाले किसान कार्यक्रम में मौजूद है, छह साल पहले अधिकारी इसे असंभव कार्य बताते थे। 3171 महिला समूहों में 59 हजार से अधिक महिलाएं काम करके प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में सहयोग कर रही हैं। गन्ना विभाग ने हर साल कुछ नया करके दिखाया है। करीब 2,13,400 करोड़ की धनराशि सीधे किसानों के खाते में भेजी गई। करीब सौ चीनी मिलें सात से दस दिन में भुगतान कर रही हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह छपरौली में चीनी मिल शुरू करना चाहते थे। कई सरकारें आई-गईं, हमारी सरकार ने मिल लगाई। इसी तरह बस्ती में गोली चलती थी, आज नई मिल चल रही है। अब मिलें बंद और बेची नहीं जा रही हैं।

### 20 जिलों की रिपोर्ट खराब

चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कहा कि कोरोना की वजह से पुरस्कार नहीं दिए गए थे, जिनको आज मिल रहे है। छह साल से योगी के नेतृत्व में गन्ना उत्पादन में पूरे देश में प्रथम स्थान है। कोरोना में भी मिलें चलती रहीं। स्वयं सहायता समूह मेहनत कर रहा। रोजगार के साधन खुद तलाश रहे है। कीटनाशक का इस्तेमाल न करें। 20 जिलों की खेती योग्य भूमि बेकार होने की रिपोर्ट है, इसलिए प्राकृतिक खेती करें। भुगतान को जल्द हर हफ्ते कराने की योजना है।

### प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 20 सहकारी गन्ना तथा चीनी मिल समितियों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही, राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऐसा ही अधिकारी चाहिए

योगी ने अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कोरोना काल में चीनी मिलें चलाने में अहम भूमिका निभाई। पहले लोगों ने कहा था कि ये किसी की सुनते नहीं हैं, गन्ना विभाग नहीं चला पाएंगे। मैंने कहा कि ऐसा ही अधिकारी चाहिए। जल्द सेवानिवृत्त होने वाले हैं लेकिन इनकी सेवाएं अविस्मरणीय रहेंगी।

## शरद पवार ने बेटी सुप्रिया और प्रफुल्ल पटेल को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष, भतीजे अजित को नहीं मिला यह अहम पद

एनसीपी में शरद पवार के भतीजे अजित पवार को यह अहम पद न देना अपने आप में कई सियासी संकेत देता है। दरअसल, पवार ने यह एलान एनसीपी की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर किए। इस दौरान अजित पवार मंच पर ही मौजूद थे।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में पिछले महीने शरद पवार की ओर से पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद जो भूचाल आया था, वह उनके इस्तीफा वापस लेने के बाद ही थमा था। हालांकि, इससे पार्टी में अंदरूनी हितों से जुड़े मुद्दे खुलकर सतह पर आ गए थे। इस बीच राकांपा में संगठन में बड़े बदलाव किए गए हैं। शरद पवार की ओर से एनसीपी में अब दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का नाम भी शामिल है। वहीं, दूसरा नाम प्रफुल्ल पटेल का है। इस बीच एनसीपी में शरद पवार के भतीजे अजित पवार को यह अहम पद न देना अपने आप में कई सियासी संकेत देता है।



दरअसल, पवार ने यह एलान एनसीपी की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर किए। इस दौरान अजित पवार मंच पर ही मौजूद थे। पवार ने प्रफुल्ल पटेल को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, गोवा राज्य के अलावा राज्यसभा की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, सुप्रिया सुले के पास महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, यूपी और लोकसभा की जिम्मेदारी दी गई है।

### कार्यकारी अध्यक्ष पद के बंटवारे पर क्या बोले छगन भुजबल

इस बीच राकांपा नेता छगन भुजबल ने शरद पवार के एलान पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष के एलान के साथ ही चुनाव का काम और लोकसभा-राज्यसभा का काम बंट जाएगा। उन्हें चुनाव नजदीक आने के साथ ही कंधों पर ज्यादा जिम्मेदारी दी गई है। यह 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अहम एलान है।

### अजित पवार के भाजपा में जाने की लगी थी अटकलें

दो महीने पहले ही शरद पवार के इस्तीफे की वापसी के बाद अजित पवार के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लग रही थीं। हालांकि, अजित ने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वह एनसीपी में हैं और एनसीपी में ही रहेंगे। अजित पवार ने कहा कि मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसी खबरें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा था कि %पार्टी जो भी फैसला करेगी, मैं उसके साथ रहूंगा। अजित ने ही किया था

### शरद पवार के इस्तीफे का समर्थन

दो महीने पहले जब शरद पवार ने राकांपा अध्यक्ष पद छोड़ने का अचानक से एलान किया था।

तब अजित पवार ही एकमात्र ऐसे नेता थे, जिन्होंने शरद पवार के इस्तीफे का समर्थन किया था और पार्टी के अन्य नेताओं को इसका सम्मान करने को कहा था। हालांकि, बाद में शरद पवार ने पार्टी के कहने पर अपना इस्तीफा वापस ले लिया था।


## ओमप्रकाश राजभर के बेटे की शादी पर पीएम मोदी ने दी बधाई, कल गाजीपुर जाएगी बरात, दिग्गजों को न्योता

सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के छोटे बेटे अरुण राजभर की शादी रविवार को है।वाराणसी के सिंधौरा क्षेत्र स्थित आवास से बरात गाजीपुर के सदात जाएगी। पीएम मोदी ने ओमप्रकाश राजभर को बेटे की शादी की बधाई दी तो नवयुगल को आशीर्वाद भी दिया।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के घर में शहनाई बजने वाली है। उनके छोटे बेटे अरुण राजभर की शादी रविवार को है। वाराणसी के सिंधौरा क्षेत्र स्थित आवास से बरात गाजीपुर के सदात जाएगी। इस शादी में यूपी के बड़े नेताओं के आने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई पत्र भेजकर शादी के लिए शुभकामनाएं दी है।जहूराबाद विधानसभा सीट से विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर की होने वाली बहू निकिता का भी वाराणसी से कनेक्शन है। वो यहां के एक कॉलेज से बीबीए की पढ़ाई कर रही हैं। बेटे की शादी के लिए राजभर ने पीएम मोदी समेत तमाम दिग्गज हस्तियों को निमंत्रण भेजा है। शुक्रवार शाम सुभासपा अध्यक्ष के सिंधौरा क्षेत्र स्थित आवास पर हल्दी की रस्म आयोजित की गई। इसमें परिजनों और रिश्तेदारों ने शिरकत की तो पार्टी के प्रमुख नेताओं का भी जुटान



हुआ।पीएम मोदी ने बधाई पत्र में क्या लिखा-पीएम मोदी ने ओमप्रकाश राजभर को बेटे की शादी की बधाई दी तो नवयुगल को आशीर्वाद भी दिया। उनके आमंत्रण को स्वीकारते हुए धन्यवाद दिया। पीएम ने लिखा कि अरुण और निकिता के विवाह का निमंत्रण पत्र पाकर प्रसन्नता हुई।

परिवार की खुशी में शामिल करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वर-वधू को नवजीवन के शुभारम्भ की बधाई।शुभ लग्न की बेला में जीवन में खुशियों की सौगात लाए। विश्वास और मित्रता की डोर से दोनों सदा बने रहें। रिश्ते में स्नेह रहे। बेहतर तालमेल से जीवन आगे



प्रधान मंत्री
Prime Minister

नई दिल्ली
ज्येष्ठ 15, शक संवत् 1945
5 जून, 2023

श्रीमती तारामनी राजभर एवं श्री ओमप्रकाश राजभर जी,

चि. अरुण एवं आयु. निकिता के विवाह का निमंत्रण पत्र पाकर प्रसन्नता हुई। परिवार की खुशी में शामिल करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

वर-वधू को जीवन के नव-शुभारम्भ की हार्दिक बधाई।

शुभ लग्न की बेला जीवन में खुशियों की सौगात लाए। विश्वास और मित्रता की डोर से दोनों सदैव बंधे रहें। रिश्ते में स्नेह रहे। बेहतर तालमेल से जीवन आगे बढ़े और समय के साथ संबंध और अधिक गहरा और मजबूत हो, इसी कामना के साथ नव दंपति को दीर्घ, सुखद एवं सौभाग्य पूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीष।

मंगलकामनाओं सहित,

आपका,

(नरेन्द्र मोदी)

श्री ओमप्रकाश राजभर
विधायक
6, पार्क रोड, विधायक निवास
लखनऊ
उत्तर प्रदेश- 226001

बढ़े और समय के साथ संबंध और अधिक गहरा और मजबूत हो। इसी कामना के साथ नव दंपती को दीर्घ, सुखद और सौभाग्य पूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीष।

## गोंडा में भूपेंद्र चौधरी बोले- लोकसभा चुनाव में अन्य राज्यों के नुकसान की यूपी से करनी है भरपाई

यूपी निकाय चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा जोश से लबरेज है। बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी आज गोंडा में कार्यकर्ताओं में जोश भरने पहुंचे। यहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से जन-जन तक मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का आह्वान क?िया।निकाय चुनाव के झटके से विपक्ष कोमा में चला गया। अब वह गठबंधन करने में व्यस्त हैं। चुनाव में विपक्ष जनता को वैचारिक मुद्दे से भटकाने की कोशिश करेगा, लेकिन हमें सतर्क व सावधान रहना है। विपक्ष की मदद विदेशी ताकतें भी कर रही हैं। उसके मूल में विचार भी विदेशी है।यह बात शनिवार को सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के नौ साल पूरे होने पर गांधीपार्क स्थित टाउनहाल में



आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि अन्य राज्यों में थोड़ा नुकसान होता है तो हमें इसकी भरपाई यूपी से करनी होगी। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का महासंपर्क अभियान सबसे बड़ा कार्यक्रम है। इसके जरिए हमें जन-जन तक सरकारी की उपलब्धियों को पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश दंगाइयों के हवाले था, केंद्र में लूट मची हुई थी। आए दिन एक-एक घोटाले का राजफाश हो रहा था, लेकिन सरकार बदलने के बाद ये सब बंद हो गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले रामलला मंदिर में विराजमान होंगे। भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि सरकार के लिए आपसी मतभेद भुलाकर समर्पण करना होगा। 2050 तक भाजपा की सरकार रहेगी, तभी भारत विश्वगुरु बनेगा। मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि हम ने नई शिक्षा नीति में धर्म व बलिदान से जुड़े पाठ्यक्रम शामिल किए हैं। सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि देवीपाटन मंडल में भाजपा का झंडा बुलंद रहेगा, इसके लिए हम आश्वस्त करते हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप व संचालन महामंत्री राकेश तिवारी ने किया।

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संपादकीय Editorial

### Harassment of forest law

Himachal's name alone is enough in the bright figures of the country. Himachal is a big personality in all the measures of progress made by the country, but regional or national politics plays against it. Sometime back, the center which made Himachal a pawn has started playing again on the slogan of double engine government. For the purpose of fueling economic disparities, the attitude of the Center may have gone up, but loyalty to the country does not diminish in Himachali traditions. On the one hand, Himachal will snatch 947 hectares of land from its own people and give water to all the states of North India from the Renuka ji dam, and on the other hand, it is refusing to provide relief to Himachal, which is hanging on the cross of the environment. Himachal Chief Minister Sukhwinder Sukhu has urged the Center to give the hill state at least the right to facilitate its forest land clearance by opening a regional office of the Central Environment, Forest and Climate Change in the capital Shimla. Can get It is felt that the Central Government wants to hang this big office related to Himachal like a honey bowl in Chandigarh so that the affairs of the state remain hanging like this. It will remain a thorn in the way of writing the fate of that state, getting financial rights and becoming self-reliant, if the office instead of Shimla goes to advocate Chandigarh.

This would also be unjust because about three-fourth of Himachal is under forests, while the total forest land of Chandigarh, Punjab and Haryana, taken together, hardly makes up four per cent. Compared to this, about seventy percent of the land of Himachal alone comes under forest, but here every step of development has to be taken after asking the forest. Hospitals for being born or cremation grounds for death are mortgaged to the forest department. Due to the interference of the Forest Department, not only the entire pattern of development, but also the natural systems of social and wildlife protection have been destroyed. Human settlements and farms are infested with wild animals that should by law be in forests. The extent is that it is prohibited to cut a tree standing on the road, but there is no responsibility for the vehicle rider who dies after colliding with it. There is no account of the screams of how many vehicles and people get buried under fallen trees in storms. There is no account of how dry and unusable the pine forests made the mountain. Forest fire has become our destiny, because the country wants to keep Himachal punished in the name of environmental protection. It is surprising that the forest department needs shelter on the best urban land of Himachal, but the forest is the hope of development. No. While building Govind Sagar, Kol Dam or Bhakra Dam, have we ever wondered how many rights we have lost in return for the land that was lost. Not only will 947 hectares of private land be lost under the Renukaji dam, but 1408 families will also be displaced. Can't we get this much land from the forest instead of losing 947 hectares of land in national development? Is it a sin to give forest land for the rehabilitation of displaced people? The extent is that the department has put up a fence even after erecting the electricity supply pole of Smart City in Dharamshala, but in the middle of this city, it has occupied uncountable land for its every duty. Needless to say and we are constantly saying that if Himachal wants its rights from the Center and self-reliance to be self-sufficient, then apart from water resources, most of the land will have to be taken back from the forests for its economy. It would be in the interest of the state that instead of extermination of forests, a demand should be made that more than fifty percent of the land in any state should not be made forest land. According to the percentage rate of second forest land, the financial rights of the states should be ensured.

# Neighborhood: New height of bread-daughter relationship, seven agreements with Nepal will become the basis of sweet relations

The signing of seven agreements during the recent visit of Prachanda can take the relations between the two countries to a new height. It was a unique opportunity for India and Nepal, when Prime Minister Narendra Modi recalled his 2014 visit to Nepal and said that he had formulated the HIT (High-Way, I-Way and Trans-Way) formula to strengthen bilateral relations. The aim was to remove the existing barriers. When he signed seven agreements with Nepali Prime Minister Pushpa Kamal Dahal Prachanda, who visited India recently, the atmosphere was different. While Modi expressed hope of taking the age-old ties to a new height, Nepali Prime Minister Prachanda also showed warmth and praised Modi's neighborhood policy. These agreements will have a significant impact in shaping future economic relations, which will be mutually beneficial. These agreements include development of cross-border petroleum pipelines, trade and commerce, integrated check posts and hydropower projects. Both sides have agreed to expeditiously complete the projects related to the Ramayana Circuit, comprising 15 tourist circuits, which will strengthen religious and cultural ties in the future. Modi and Prachanda resolved to preserve the age-old 'roti-beti' relationship at all costs. Prachanda, a staunch communist, preferred India over China while considering his first foreign trip after becoming the Prime Minister for the third time. Also, observers believe that the approval of the Citizenship Bill is being seen as an attempt by Prachanda to show his closeness with India and the US, which may upset China. Earlier, Indian women married to Nepali men had to wait for seven years for citizenship, but now this situation will not come. It is a matter of happiness for Nepal that India has set a target of importing 10,000 MW of electricity from Nepal in the coming ten years, which will generate thousands of crores of rupees for Nepal and the consumers of our country will get the benefit of additional availability of electricity. Experts say a key element of the bilateral partnership is a key agreement between India and Nepal to develop the 669 MW Lower Arun Hydro Project, which got approval from the Nepali Investment Board ahead of Prachanda's visit to New Delhi. Was. India will also cooperate in setting up a fertilizer plant in Nepal. Modi and Prachanda avoided issues that could spoil the outcome of Prachanda's visit. Prachanda tactfully raised the border issue and talked about resolving it through diplomatic means. Oli spoiled the relationship between the two countries by showing Indian territories in his map. Then India had rejected it outright. Then Defense Minister Rajnath Singh also objected to the opening of the strategically important 80 km long road connecting Lipulekh Pass with Dharchula in Uttarakhand. Prachanda did not raise any such issue to ensure the success of his yatra. Modi said, "I and Prachanda took several important decisions to make the partnership between the two countries a 'super hit' in the future." Prachanda said, 'The age-old relations between the two nations are of special importance and multifaceted. The relationship rests on a solid foundation, built on the rich tradition of cultural, socio-economic, civilizational engagement on the one hand and the firm commitment of both countries to sovereign equality, mutual respect, understanding and cooperation on the other.' Analysts believe that the outcome of Prachanda's visit could sour China's policy of distancing Nepal from India, as the signing of the seven agreements could change the dynamics of ties between the two countries, taking ties to new heights in the future. can reach.

# Neighbourhood: Pakistan in political maelstrom, trouble for Imran supporters

The Odisha train accident has shocked the people of Pakistan as well. Since the rail heritage of India and Pakistan is one, both the countries can think of cooperation in this field. Meanwhile, instability in Pakistan has increased as PTI supporters involved in the arson now face trial in a military court. The horrific accident of the Coromandel Express train in India's eastern state of Odisha has left the whole of Pakistan in shock. From Prime Minister Shahbaz Sharif and his Union Ministers to heads of all political parties and common people expressed their sympathy. There were so many pictures related to the accident on the social media that we felt that we have seen this accident happening in front of our eyes.

We sympathize with people we don't even know. But we knew that humanity is suffering and we felt it. Bad news really does spread fast. As the Indian government moved to evacuate the dead and injured, I remembered how countries in South Asia, no matter how big and powerful, have inadequate health support systems, as was seen during COVID-19. Lakhs of rupees are spent on other projects, but we South Asians feel that our health care system is not strong enough to provide health care in times of such a big emergency because of the huge population. This includes quickly getting first responders, technical staff, medical staff and ambulances to transfer the dead and injured. Armies establish field hospitals everywhere very quickly and efficiently. They must come forward to help in such times, because getting medical help on time helps in saving lives. There have been very tragic train accidents in Pakistan as well. It is generally the common people who make the most of the railways, as it is the least expensive as compared to other modes of transport. It is now up to the Government of India to investigate the causes of this accident and make it public and ensure that it can be prevented in the future. This is one area in which Pakistan and India can cooperate and learn from each other, although the Indian rail system is much larger than Pakistan's. The English daily The Dawn wrote in its editorial, 'In fact, railway security is one area where Pakistan and India can cooperate, considering that both have inherited railways from the same colony, although the Indian Railways The network has gone beyond Pakistan. But such cooperation requires political will as well as leadership that can rise above everyday rhetoric on both sides. At the moment, I do not see such leadership, because politics decides everything on both sides. However, Pakistan's politics is the same as before and there is speculation that the country will hold general elections in the coming October or November, as the dissolution of the lower house of parliament is scheduled for August.

The Senate, the upper house as per the constitution, will remain in place. History is being made in Pakistan, where the number of leaders and supporters leaving Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI) is increasing every day. Some of such people say that they have done too much politics, while some others may be leaving PTI but will remain in politics. In the tragic incidents of looting and arson on May 9, in which PTI supporters damaged public property, including the military, even PTI supporters who did not participate are scared. PTI chief Imran Khan had already warned that if he was arrested, the country should be prepared for a massive backlash from his party. As expected, the security establishment has taken this very seriously and has decided with the consent of the civilian government that all the accused, including the women in jail, in connection with the May 9 arson and looting case will be tried by a military court. Not all of them are middle class or lower middle class women. One of them is Khadija Shah, a famous fashion designer with dual nationality from America. She is also the granddaughter of former Army Chief General Janjua and daughter of former Finance Minister. Civil society has condemned the government for sending civilians to military courts and demanded that the cases against these accused be tried in normal courts. But the biggest question is why hundreds of PTI supporters are leaving the party. Military governments have been oppressed in the past, especially during martial law, when Zulfikar Ali Bhutto, chairman of the Pakistan People's Party (PPP), was hanged by the Supreme Court. Still the party remained intact and no one left the party.

Then, during the tenure of another military dictator, General Pervez Musharraf, Pakistan Muslim League Nawaz chief Mian Nawaz Sharif was disqualified for life and went into exile in London. But his party also remained intact and no one left the party. The question is also arising whether PTI is a movement or a political party. In this regard, a political analyst says that PTI is not a political party and has never been. Movements often fail after gaining power, because running a government or a country is different from running a movement. The fact is that Imran Khan is still a popular leader, with many supporters inside and outside Pakistan. Reports suggest that Imran Khan may also face trial in a military court. If this happens, it will be a big mistake, because people who do not support his political style may also come in his support. So the security establishment and the Shahbaz government should let Imran Khan prove his mettle in the elections and let the people decide whether they want him or not.

# पुरानी रंजिश में गांव के ही युवक ने की थी कुलदीप की हत्या, एसपी देहात ने किया हत्याकांड का खुलासा

मुरादाबाद- छजलैट थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी कुलदीप की हत्या योजना बनाकर गांव के ही शनी ने शराब पिलाने के बाद की थी। आरोपी ने रंजिश के कारण वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। उसके पास से आला कत्ल बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि छह जून को गांव फरीदपुर के जंगल में देर शाम एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद थाना प्रभारी छजलैट टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उसकी शिनाख्त फरीदपुर नयागांव निवासी कुलदीप ( 27 वर्ष ) पुत्र सोहन सिंह के रूप में हुई। इस मामले में कुलदीप के पिता ने गांव के ही चीकू, शनी और कुलदीप के ही चचेरे भाई अंकित के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि शुक्रवार को थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ नामजद आरोपी शनी को कैंच की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर आला कत्ल डंडा भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने रंजिश के कारण शराब पिलाने के बाद हत्या करने की बात स्वीकार की है। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि आरोपी ने अकेले ही वारदात को अंजाम देने की बात कही है। उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे तथ्यों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## होटल रिसेप्शनिष्ट से ऐसे कातिल बना शनी

मुरादाबाद- सीओ कांठ डॉ. गणेश गुप्ता ने बताया कि आरोपी शनी होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद देहरादून के एक होटल में रिसेप्शनिष्ट की जॉब करता है। आरोपी शनी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह 5 जून को छुट्टी पर गांव आ रहा था।

तभी वह गांव से पहले शराब की दुकान पर रुक गया। जहां पर कुलदीप और मोहित अन्य लोगों के साथ मौजूद थे। वर्ष 2020 में मोहित के तहेरे भाई दिनेश ने शनी और उसके भाई के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया था। तभी से इन दोनों में रंजिश चल रही थी। इसी दौरान कुलदीप व मोहित शराब पीने के बाद शनी को ताने मारने लगी। तभी वहां दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। लेकिन, वहां मौजूद लोगों ने मामले को शांत करा दिया। जिसके बाद शनी ने अगले दिन कुलदीप को फोन कर बातचीत करने के लिए बुलाया। शनी अपने साले अंकित और कुलदीप अपने चचेरे भाई अंकित के साथ एक खेत में पहुंचे और चारों ने शराब पी। इसी दौरान दोनों अंकित के काम का हवाला देकर वहां से आ गए। इसी दौरान शनी कुलदीप से कहने लगा कि तुम हमारे दुश्मनों से हमारी बातें क्यों बताते हो।

इसी बात को लेकर दोनों में एक बार फिर विवाद हो गया। जिसके बाद शनी ने पास ही पड़े डंडे को उठाकर कुलदीप के सिर पर वार करना शुरू कर दिया। डंडे के वार से कुलदीप का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर वहीं खेत में गिर गया। हत्या करने के बाद शनी वहां से फरार हो गया।

# अभी और सहने होंगे लू के थपेड़े, गर्मी से राहत के आसार नहीं



मुरादाबाद- कड़ी धूप निकाल रही जान, बारिश के लिए आकाश की ओर लगी टकटकी भीषण गर्मी और लू के थपेड़े से अभी राहत के आसार नहीं हैं। 13 जून तक लू चलेगा। इसके बाद एक दो दिन हल्दी फुहारें पड़ सकती हैं। लेकिन मानसून 30 जून या इसके बाद सक्रिय होगा। कई दिनों से सूरज की किरणें झुलसा रहीं हैं। दिन में लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। गर्मी में शरीर में पानी की कमी से निर्जलीकरण की समस्या से लोग परेशान हैं। सरकारी और निजी अस्पताल के चिकित्सकों के पास उल्टी दस्त, डायरिया के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इससे बचने के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। लू से डिहाइड्रेशन की समस्या हो रही है।

इसलिए पानी और शीतल पेय पदार्थों का अधिक सेवन करने की जरूरत है। वहीं लोग बारिश के लिए आकाश की ओर टकटकी लगाए हैं। मौसम वैज्ञानिक भी अभी राहत न मिलने की बात कर रहे हैं। गोविंदबल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के एग्रोमेट्रोलाजी विभाग के हेड एवं प्रोफेसर डा. आरके सिंह का कहना है कि 13 जून तक लू के थपेड़े चलेंगे। तापमान में बढ़ोतरी होगी। यह अधिकतम 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

फिर एक दो हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन फिर गर्मी बढ़ेगी। मानसून की सक्रियता के सवाल पर कहा कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के क्षेत्रों में मानसून 30 जून या इसके बाद सक्रिय होगा। तभी बारिश होने पर गर्मी से राहत मिलेगी। उन्होंने लोगों से गर्मी और लू से बचने के उपाय करने की सलाह दी है।



# मुस्लिम युवती को हिंदू युवक के साथ देख की बदसलूकी, पीछा कर रोकी बाइक

मुरादाबाद- वायरल वीडियो में बाजार में रोककर युवकों ने अपमानित किया, एक पखवाड़े में इस तरह की तीसरी घटना धार्मिक विवाद बढ़ाकर समाज में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करने वालों पर पुलिस सख्ती नहीं कर पा रही है। चंद दिन पहले रेलवे स्टेशन पर एक युवक-युवती को साथ देखकर बदसलूकी करने का मामला शांत भी नहीं हुआ था। अब एक मुस्लिम युवती को हिंदू दोस्त के साथ देखकर बाजार में उसे अपमानित करने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बुर्का पहनकर बाइक से हिंदू दोस्त के साथ जा रही युवती से बदसलूकी की जा रही है। इसमें कुछ युवक पीछा करके युवती का वीडियो बनाते हुए उसे भरे बाजार रोककर अपमानित कर रहे हैं। घटना एस कुमार चौराहे की बताई जा रही है। वीडियो क्लीपिंग में युवती वीडियो बनाने वाले युवकों को शर्म करने जैसी कोई बात नहीं कहकर जवाब दे रही है। बताया कि दोनों के परिवार वाले एक दूसरे को अच्छी तरीके से जानते हैं। लेकिन, धर्म के कथित ठेकेदार यहीं नहीं रुक रहे हैं। वह युवती को मुस्लिम समाज की इज्जत की दुहाई देकर बदसलूकी करते जा रहे हैं। वीडियो में लड़की को अपमानित करने वाला युवक कह रहा है कि वह डबल फाटक से पीछा कर रहा है। एस कुमार चौराहा आते ही उसने बाइक आगे लगाकर दोनों को जबरन रोक लिया। जिले में एक पखवाड़े में इस तरह की तीसरी घटना से लोग सकते में हैं। इसके पहले रेलवे स्टेशन के साथ ही भोजपुर में भी पर्दानसीन लड़कियों को हिंदू युवकों के साथ देखकर उनके साथ मारपीट की गई थी।

# कटघर में घर बुलाकर फैक्टरी कर्मचारी को गोली मारी

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र के ताजपुर माफी में शुक्रवार सुबह करीब सात बजे फैक्टरी कर्मचारी को घर से बुलाकर गोली मार दी। वह घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसके पास ही दो तमंचे भी पड़े मिले हैं। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक लड़की को लेकर हुए विवाद में गोली मारी गई है। घायल युवक के भाई ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कटघर के ताजपुर माफी निवासी नकुल ( 23 ) पुत्र शेर सिंह चम्मच फैक्टरी में काम करता है। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया शुक्रवार करीब सात बजे नकुल घर में चाय पी रहा था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल रिसीव करने के बाद वह चाय का कप छोड़कर कर से बाहर चला गया। कुछ ही देर बाद घर से करीब आधा किमी दूर शिवचरन कॉलेज के पास उसे गोली मार दी गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो नकुल घायल अवस्था में पड़ा था। इसी बीच परिजन भी आ गए और पुलिस को सूचना दी। उसे कांठ रोड स्थित कॉसमॉम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ कटघर शैलजा मिश्रा भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फोरेंसिक टीम भी मौके पर बुला ली गई। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पूछताछ में नकुल ने बताया है कि गांव निवासी संजीव प्रजापति ने उसे गोली मारी है। संजीव के एक लड़की से संबंध हैं। उसी लड़की को लेकर नकुल और संजीव में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से संजीव नकुल से रंजिश रखने लगा था। उसने बदला लेने के लिए गोली मारी है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर संजीव प्रजापति और धीरज के खिलाफ जानलेवा हमला और एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# बाइक सवार बदमाशों ने डॉक्टर का मोबाइल लूटा

मुरादाबाद- कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने पैदल जा रहे डॉक्टर से मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाड़ा शाह सफा लाल मस्जिद रोड निवासी डॉ. मोहम्मद आरिफ रहमान ने बताया कि शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद लगभग 11 बजे वह टहलने के लिए निकले थे। वह टाउन हॉल होते हुए बुधबाजार तक पहुंच गए। हिंदू कालेज के सामने से ही वापस आने लगे। वह फोन पर बात करते हुए चल रहे थे। इसी बीच इम्पीरियल तिराहे की ओर से एक बाइक आई। जिस पर दो युवक सवार थे। डॉ. आरिफ कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। पीड़ित शोर मचाते हुए बाइक के पीछे दौड़े। लेकिन, बुध बाजार में बिजली आपूर्ति न होने के कारण अंधेरा था। जिसका फायदा उठाकर बदमाश बुधबाजार चौकी के सामने से भाग निकले। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। सीओ कोतवाली देश दीपक सिंह ने बताया कि डाक्टर की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्थायी अवैध निर्माण तोड़कर अतिक्रमण हटाने से परहेज, ठेले वालों को भगाया



मुरादाबाद- निगम की टीम ने कांठ रोड पर ग्रीन बेल्ट में सड़क किनारे फल, शीतल पेय बेचने वालों को हटाया, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम, कई जगह नोकझोंक कांठ रोड पर पीलीकोठी से कोठीवाल डेंटल कालेज तक चिह्नित स्थायी और बड़े अतिक्रमण पर हाथ डालने की बजाय नगर निगम की टीम ने ग्रीन बेल्ट में सड़क की पटरियों पर ठेले पर फल, शीतल पेय, खिलौने आदि बेचने वालों को हटाया। उन्हें दोबारा इस क्षेत्र में दुकान न लगाने की चेतावनी दी।

हालांकि कई ठेले वालों ने यह कहकर नोकझोंक किया कि अभियान के नाम पर प्रभावशाली लोगों को छोड़कर गरीबों के ठेले हटाकर उनके मुंह का निवाला छीना जाता है। कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम पीलीकोठी से होते हुए ग्रीन बेल्ट में सड़क किनारे ठेले और अस्थायी दुकान लगाने वालों को हटवाने पहुंची। जेसीबी मशीन देखकर कई ठेले वाले अपना सामान समेटते हुए पुलिस अकादमी वाली गली और आसपास के अधिकारियों के आवास वाली गलियों में घुसने लगे। उनको भागते देख कई लोग अचंभित हो गए कि अचानक क्या हो गया। बाइक रिपेयरिंग की दुकान के बाहर रखे गए सामान आदि को भी टीम ने हटवाया। ग्रीन बेल्ट में सड़े-गले फल फेंक कर गंदगी करने पर ठेले वालों का चालान काटने की चेतावनी दी।

टीम को देखकर कई दुकानदार पहले ही भागने लगे तो कई ने टीम से नोकझोंक की। कहा कि सड़क की पटरियों पर स्थायी अतिक्रमण करने वाले प्रभावशाली प्रतिष्ठान संचालकों को कुछ नहीं कहा जाता। सड़क की पटरी पर ठेला लगाकर परिवार का गुजारा करने वाले गरीब वर्ग के लोगों को उजाड़ने के लिए ही बुलडोजर निकलता है। अधिकारी प्रभावशाली लोगों के द्वारा किए अतिक्रमण को क्यों नहीं ढहाते। इस पर टीम में शामिल कर अधीक्षक आदि ने कहा कि हर प्रकार का अतिक्रमण हटेगा। कर निर्धारण अधिकारी ने कहा कि ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटाया गया है। कांठ रोड पर चिह्नित अन्य अतिक्रमण को भी जैसे ही उच्चाधिकारियों का निर्देश मिलेगा हटाया जाएगा।

## नगर निगम की पारदर्शिता पर उठ रहे सवाल

कांठ रोड पर सर्वाधिक जाम हरथला, पीएसी तिराहा और किला तिराहे पर लगता है। इन जगहों पर किए गए अतिक्रमण को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी नगर आलोक वर्मा के नेतृत्व में लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, नगर निगम के अधिकारियों के साथ टीम ने चिह्नित किया था। लेकिन, 15 दिन से अधिक का समय बीतने के बाद भी अभी तक अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर नहीं चलाया गया। इससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।







क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# फिरोजाबाद में 15 वर्षीय किशोरी की हत्या, हाथों में कील ठोंकी, निकाल लीं आंखें; बर्बरता देख कांप गए लोग

किशोरी शुक्रवार दोपहर से लापता थी। उसका शव चरी के खेत में मिला। परिजनों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बेटी की लाश को देख परिजनों के पैर कांप गए। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। टूंडला में एक किशोरी का शव मिला है। बताया गया है वो शुक्रवार दोपहर घर से लापता हुई थी। परिजन उसकी रात भर तलाश करते रहे। चरी के खेत में जब लाश पड़ी देखी तो घरवालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। किशोरी की बेहद ही बर्बरता के साथ हत्या की गई। उसके हाथों में कील ठोंकी गई और आंखें भी निकाल ली गईं। शव अर्धनग्न हालात में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का



निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।शुक्रवार से थी लापता - थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10वीं छात्रा शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले समझा गांव में ही किसी के घर होगी। काफी समय तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने गांव में पड़ोसियों, उसकी सहेलियों आदि से जानकारी ली, लेकिन उसका कहीं पता नही चला। परिजन रातभर उसकी हर संभव स्थान पर तलाश करते रहे। सुबह के समय एक ग्रामीण शौच के लिए खेत पर गया, तो चरी के खेत में उसका शव पड़ा देख चीखता हुआ गांव पहुंचा।मुंह में ठूंसा कपड़ा- उसने परिजनों को खेत में किशोरी का शव पड़े होने की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों के अनुसार किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। हाथों में कील ठोंकी गईं और उसकी आंखें भी निकाल ली गईं।मामले की जांच कर रही पुलिस- पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार का कहना है कि किशोरी की गला दबाकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चल सकेगा कि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

# पिता के बिन न रह पाऊंगी: बुरे दौर में सबने मुझे अकेला कर दिया... छात्रा ने नोट में लिखा- अब मैं भी चली; दी जान

लखनऊ में पीएचडी की छात्रा ने सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है कि जनवरी में छात्रा के पिता शांता सिंह की मौत हो गई थी और वह तब से परेशान थी। इसके चलते ही उसने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पिता की मौत के बाद से अवसाद में रह रही पीएचडी की छात्रा स्नेहा ( 28 ) ने शुक्रवार को फांसी लगा ली। वह पीजीआई इलाके में किराये के कमरे में रह रही थी। घटना उस वक्त हुई जब उसकी रूम पार्टनर बाहर गई थी। कमरे से पुलिस को हिंदी व अंग्रेजी में लिखा चार पन्नों का सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने समाज और अपनी मौजूद हालात का जिक्र किया है। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास के मुताबिक, प्रयागराज के बमरौली निवासी स्नेहा डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी से जियोलॉजी में पीएचडी कर रही थी। वह एल्डिको के उपहार इलाके में सहेली गरिमा के साथ किराये पर रहती थी। दोपहर में गरिमा बाहर काम से चली गई तो स्नेहा ने चादर से फांसी लगा ली। जब गरिमा लौटी तो हादसे की जानकारी हुई। स्नेहा की चीख सुनकर आसपास लोग जमा हो गए। सूचना पर पीजीआई पुलिस भी पहुंच गई। खबर पाकर लखनऊ में रहने वाले स्नेहा के रिश्तेदार भी पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि जनवरी में छात्रा के पिता शांता सिंह की मौत हो गई थी और वह तब से परेशान थी। इसके चलते ही उसने आत्महत्या कर ली। बुरे दौर में सबने मेरे को अकेला कर दिया... पुलिस को कमरे से चार पन्ने का लिखा सुसाइड नोट मिला। तीन पन्ने हिंदी में और एक पन्ना अंग्रेजी में था। एडीसीपी पूर्वी ने बताया कि छात्रा ने सुसाइड नोट में अकेलेपन का जिक्र किया है। सुसाइड नोट में उसने अपने मौजूदा हालात का जिक्र करते हुए लिखा कि जिंदगी में वह पूरी तरह अकेली हो चुकी है। उसने इस बात को भी लिखा कि अच्छे वक्त पर हर कोई खड़ा रहता है, पर दिक्कत के समय कोई नहीं नजर आता है। नोट में एक जगह स्नेहा ने लिखा था कि बुरे दौर में सबने मेरे को अकेला कर दिया..। अंग्रेजी के पन्ने में उसने लिखा है कि पिता की बिना वह रह नहीं पा रही है और इसलिए आत्महत्या का कदम उठा रही है। लेखपाल के बेटे ने लगाई फांसी, जांच की मांग- इसके अलावा, लखनऊ में अलीगंज के सेक्टर बी इलाके में बृहस्पतिवार को संदिग्ध हालात में हरदोई निवासी वेदांत शुक्ला( 19 ) ने फांसी लगा ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के मुताबिक वेदांत यहां से कंप्यूटर ओ लेवल का कोर्स कर रहा था। लेखपाल पिता आशीष शुक्ला ने बताया बृहस्पतिवार दोपहर को उसकी अपने बेटे से बात हुई तो उसने कुछ तबीयत खराब बताई। इसपर हरदोई चले आओ। थोड़ी देर बाद जब उसने कॉल की तो उठा नहीं।मकान मालिक को जानकारी दी। उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार भर खटखटाने पर दरवाजा नहीं खुला। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो से लटकता पाया। आननफानन में उतारकर उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक मोबाइल को कब्जे में लेलिया गया है। इकलौते बेटे की मौत से रो-रोकर बुरा हाल- वेदांत परिवार का इकलौता सहारा था। बचपन से ही उसकी हर मांग को एक बार में पूरा किया, लेकिन वह इस तरह से कदम उठाएगा पता ही नहीं था। पिता बोले क्या दिक्कत थी एकबार बताई भी नहीं। जैसे ही मौत की खबर पहुंची तो मां बेसुध होकर गिर पड़ी। वहीं पिता भी खुद को संभाल नहीं पाए। परिवार में पिता और मां ज्योति है।




# कैसे रची गई अंजलि की हत्या की साजिश: 12वीं पास के जाल में फंसी बेटी भी बनी एक कड़ी; जानें पूरा घटनाक्रम

आगरा के कारोबारी उदित बजाज की पत्नी अंजलि बजाज की हत्या के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। नाबालिग बेटी का दोस्त भले ही 12वीं पास है, लेकिन उसने कारोबारी की पत्नी को मारने के लिए शातिराना प्लान बनाया था। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह तीन दिन पहले केदारनाथ दर्शन करने जाने की कहकर घर से निकल गया था। वह जिस व्हाट्सएप नंबर से चैट कर रहा था वह अंजलि की बेटी का था। उसकी नंबर से लोकेशन भेज कर अंजलि को जंगल में बुलाया था। अंजलि को लगा कि उसकी बेटी भी प्रखर के साथ जंगल में है। इसीलिए वह चली गई। वहां प्रखर ने चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। कारोबारी की पत्नी अंजलि की हत्या का प्लान 12वीं पास युवक ने शातिराना तरीके से बनाया। हत्या करने से पहले आरोपी ने खुद को बचाने का पूरा प्लान बनाया था। ये था पूरा घटनाक्रम प्रखर ने कारोबारी की बेटी से कहा था कि वो बुधवार को 12 बजे घर से निकल जाए। वह एक दोस्त को कार से भेज रहा है। वह उसके साथ कार में बैठकर आ जाए। दोस्त उसके



घर पर एक चिट्ठी डाल आएगा, जिससे परिजन को पता चल जाएगा। - प्रखर ने दोपहर 12 बजे अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया। कारोबारी की बेटी का व्हाट्सएप एक्सेस ले लिया। इंटरनेट का प्रयोग वाईफाई से कर रहा था। कारोबारी की बेटी ने उसे व्हाट्सएप का ओटीपी बताया था। प्रखर ने उससे बात करने के लिए इंस्टाग्राम पर कॉल कर रहा था। छात्रा से कहा था कि वो उसकी मां को बुलाएगा, उनसे बात करेगा कि उनके बीच में रोड़ा नहीं बनें। वो दोनों साथ रहना चाहते हैं, इसलिए छात्रा तैयार हो गई थी। कारोबारी की पत्नी के मोबाइल पर बेटी के व्हाट्सएप नंबर से चैट की और गांव ककरैठा के जंगल की लोकेशन भेजी थी। उन्हें लगा कि बेटी लोकेशन भेज रही है। इस पर वो कार से निकल गईं। उन्होंने रास्ते में पति को बुला लिया। उदित पत्नी अंजलि के साथ वनखंडी महादेव मंदिर पहुंचे। पुलिस का अनुमान है कि प्रखर जंगल में मौजूद था। वह छात्रा की मां के साथ पिता को देखकर बौखला गया। प्रखर ने कारोबारी की बेटी को इंस्टाग्राम पर कॉल किया। कहा कि वो पिता को कॉल करे। कहे कि वह हाईवे पर है। मां को छोड़कर अकेले आ जाएं। उसने ऐसा ही किया। उदित पत्नी को छोड़कर चले गए। दोबारा बेटी से कॉल कराकर पिता से कहलवाया कि वो घर पहुंच गई है। इसकी पुष्टि के लिए बेटी ने अपनी दादी से पिता की बात करा दी। इस पर वो वापस पत्नी को लेने के लिए पहुंचे, लेकिन अंजलि नहीं मिली।प्रखर अंजलि को जंगल में ले गया। उनकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शव को वनखंडी महादेव मंदिर से दूर ले गया। यमुना के रास्ते पर बने नाले में फेंकने की कोशिश की। मगर, वो सफल नहीं हुआ और भाग निकला।

# बाघों की मौत बनी रहस्य: दुधवा में ऐसा क्या हो रहा, जिससे मर रहे टाइगर; 10 दिन में तीन मौतों से उठे सवाल

दुधवा टाइगर रिजर्व में 10 दिन के अंदर तीन बाघों और दक्षिण खीरी वन प्रभाग में एक तेंदुए की मौत से वन विभाग सकते में है। इनमें से दो बाघ और एक तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष में होना बताई जा रही है। वहीं, लगातार निगरानी का दावा करने वाले वन विभाग को आठ दिन तक बाघ के शव का पता ही नहीं चला। जब बदबू फैली और खोजबीन शुरू की गई, तब शुक्रवार को तालाब में बाघ का शव मिला।दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन और कोरजोन क्षेत्र में बाघों की मौत रहस्य बनती जा रही है। गोला रेंज की रायपुर बीट से सटे गदियाना गांव में हुई तेंदुए की मौत का मामला वन विभाग आपसी संघर्ष बता रहा है। बाघ और तेंदुए की मौत की गुत्थी अबी सुलझ नहीं पाई थी कि शुक्रवार को किशनपुर सेंक्चुरी की मैलानी रेंज के तालाब में बाघ का शव मिला। वन विभाग इस बाघ की मौत को भी आपसी संघर्ष बता रहा है।सड़ने लगा था बाघ का शव - शव के परीक्षण में यह बात सामने निकल कर आई है कि बाघ का शव तालाब के पानी में एक सप्ताह तक पड़ा रहा। इससे उसका शव सड़ने लगा था। ऐसे में बाघों की निगरानी पर भी सवालिया निशान लग रहा है। वन विभाग का दावा



है कि बाघों की 24 घंटे बारी-बारी से निगरानी कराई जाती है। बावजूद इसके बाघ का शव आठ दिनों तक पानी में पड़ा रहा और निगरानी टीमों की नजर नहीं गई। शुक्रवार को जब बाघ के शव से दुर्गंध आई तब पता चला।निगरानी टीमों के होश डड़ गए। काफी खोजबीन करने के बाद निगरानी टीमों को कुकरगढ़ा तालाब में खड़ी नरकुल में एक नर बाघ का शव पड़ा दिखाई दिया।भूखी थी रामपुर ढकैया में मरी बाघिन-रामपुर ढकैया गांव की बाघिन का आईवीआरआई बरेली में पोस्टमार्टम हुआ तो उसका पेट पूरी तरह खाली पाया गया था। कुछ यही हाल कोरजोन में मिले बाघ के शव का है। इसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

फिलहाल दुधवा टाइगर रिजर्व में बाघों की हो रही ताबड़तोड़ मौतों से वनाधिकारियों की कार्यशैली लोगों के गले नहीं उतर रही है। इससे पहले 31 मई को बफर जोन के उत्तर निघासन रेंज में लट्ठौआ इलाके में एक बाघ मृत पाया गया था।

वन विभाग ने शव का पोस्टमार्टम कराया। वन विभाग ने बाघ की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका जताई थी।तीन साल में मारे गए 10 बाघ- फरवरी 2020- किशनपुर सेंक्चुरी की कटैया बीट में एक बाघिन का शव मिला। अगस्त 2020- बफरजोन की मैलानी रेंज की जटपुरा बीट में बाघिन का शव मिला। जनवरी 2021- गोला रेंज की सिकंदरपुर बीट में एक मादा बाघ शावक का शव मिला। सेप्टीसीमिया से मौत की पुष्टि। फरवरी 2021- दुधवा नेशनल पार्क की बेलरायां रेंज में बाघ का शिकार। अप्रैल 2021- किशनपुर सेंक्चुरी में बाघिन का शव मिला। डायरिया बताया गया। सितंबर2021- बफरजोन की मैलानी रेंज में एक मादा बाघ शावक का शव मिला। अप्रैल 2023- बफरजोन की मैलानी रेंज की सलेमपुर बीट में एक बाघ का शव मिला। पोस्टमार्टम में अंदरूनी अंग फेल होने और आंत में हड्डी फंसने से मौत की पुष्टि। जून 2023- बफरजोन की मैलानी रेंज की ग्रंट नंबर तीन बीट के रामपुर ढकैया गांव में शुक्रवार रात 12 बजे घुसी बाघिन। शनिवार सुबह हुई मौत। पोस्टमार्टम में भूख-प्यास से बाघिन की मौत की पुष्टि। 09 जून 2023- किशनपुर सेंक्चुरी की मैलानी रेंज में एक नर बाघ का शव तालाब में पड़ा मिला। आपसी संघर्ष में हुई मौत की आशंका जताई।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
11 June 2023


# जनसभा में बोले- PM मोदी ने वोट बैंक की राजनीति को रिपोर्ट कार्ड में बदला, गरीबी 12 प्रतिशत तक घटी

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि हम देश के विकास और उसके बढ़ोतरी के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैंने भगवान वेंकटेश के दर्शन किए उनसे अपने लक्ष्य में सफल होने का आशीर्वाद मांगा है। नड्डा शुक्रवार रात ही तिरुपति पहुंच गए थेभाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष शनिवार को दक्षिणी राज्य के दौरे पर थे। एक दिन के दौरे पर आए जेपी नड्डा ने सबसे पहले तिरुपति स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-पाठ किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा नेताओं को कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए निर्देश दिए। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबी स्तर में 12 प्रतिशत तक गिरवाट आई है।



## गरीबों की मदद की

आंध्र प्रदेश के कलाहस्ती पहुंचे नड्डा ने यहां एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों तक भाजपा सरकार ने राहत पहुंचाई है। आंध्र प्रदेश में 2.60 करोड़ लोगों को लाभ दिया है। केंद्र सरकार की योजनाओं के कारण ही गरीबी स्तर 22.5 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत ही रह गई। वहीं, अत्यंत गरीबों को 1 प्रतिशत से कम कर दिया है।

## पीएम मोदी लगातार कर रहे हैं विकास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की राजनीति बदल दी है। उन्होंने विकास के जरिए अपना वोट बैंक बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ सालों में राजनीति को बदल कर रख दिया है। पहले वोट बैंक की पॉलिटिक्स होती थी, अब रिपोर्ट कार्ड के अनुसार पॉलिटिक्स होती है। भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेज विकास करने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला और किसान के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी के कारण ही कांग्रेस सरकार में बिजली विहीन 19,000 गांव में बिजली पहुंचाई। उन्होंने 1.98 लाख गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाए, जिससे आज गांव में भी इंटरनेट की सुविधा विकसित हो सकी।

## पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात


भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आंध्र प्रदेश पहुंचते ही सबसे पहले वह तिरुपति स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर गए थे। यहां उन्होंने भगवान वेंकटेश के दर्शन किए और पूजा-पाठ की। एक दिन के दौरे पर आए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने नेताओं को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।


## एक शक्ति केंद्र में पांच बूथ शामिल

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने कहा कि हम देश के विकास और उसके बढ़ोतरी के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैंने भगवान वेंकटेश के दर्शन किए उनसे अपने लक्ष्य में सफल होने का आशीर्वाद मांगा है। बता दें, नड्डा शुक्रवार रात ही तिरुपति पहुंच गए थे। आंध्र पदेश भाजपा प्रमुख ने बताया कि एक शक्ति केंद्र में पांच बूथ शामिल हैं। इसके साथ ही जिला कमेटी, मंडल कमेटी और शक्ति केंद्र प्रमुखों सहित 300 लोगों को उन्होंने संबोधित किया। नड्डा ने सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को लोकसभा चुनावों की तैयारियों के लिए कहा है। बता दें,

राजनीतिक गलियारों में नड्डा के दौरे से कई मायने निकाले जा रहे हैं। कर्नाटक चुनाव हारने के बाद भाजपा अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। कहा जा रहा है कि भाजपा दक्षिण में अपने पैर पसारने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

# लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाला मनोज निकला HIV पॉजिटिव; खुद बोला- वह मेरी पत्नी थी


मनोज साने (आरोपी)


सरस्वती वैद्य (मृतका)

महाराष्ट्र के ठाणे स्थित एक फ्लैट में महिला की लाश मिलने के तीन दिन बाद पुलिस ने फ्लैट से शवों के टुकड़ों को बरामद कर लिया है। पड़ोसियों का कहना है कि अब भी वह लोग सदमे में हैं। बता दें, मृतका सरस्वती वैद्य (36) ठाणे में मनोज साने (56) के साथ लिवइन में रहती थी। तीन दिन पहले फ्लैट में महिला का शव मिला था, जिसे प्रेशर कुकर में पहले उबाला गया था। बाद में उसे भूना भी था। आरोपी साने को गिरफ्तार कर 16 जून तक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें, महाराष्ट्र भाजपा की महिला विंग की प्रमुख चित्रा वाघ ने मामले में पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और मामले की जानकारी ली। बिल्डिंग के सचिव प्रताप असवाल ने बताया कि रहवासी अब भी सदमे में है। आसपास जाने में भी अब उन्हें डर लग रहा है। पूरे बिल्डिंग में बदबू है। इसलिए हमने पूरी बिल्डिंग सैनेटाइज की है। अब हमें एक बात समझ में आ गई है।

## जानिए, क्या बोला आरोपी

पुलिस ने बताया कि मीरा रोड के आकाशदीप बिल्डिंग में वैद्य रहती थी और पुलिस ने यहीं से शनिवार को शवों के टुकड़ों को जब्त किया है। फ्लैट में छानबीन के दौरान कुछ बालटियों और बर्तनों में शव के टुकड़े पड़े थे। इसके अलावा प्रेशर कुकर में भी शव पाया गया। जमीन पर भी कई जगह महिला के बाल पड़े थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बताया है कि वैद्य ने जहर पीकर सुसाइड किया था। उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए मैंने टुकड़े किए थे। वह एचआईवी पॉजिटिव है। दोनों के बीच में कभी रिश्ते नहीं बने और वह उसकी लिवइन पार्टनर नहीं बल्कि पत्नी है।

## सदमें में हैं रहवासी

बिल्डिंग के सचिव प्रताप असवाल ने बताया कि रहवासी अब भी सदमे में है। आसपास जाने में भी अब उन्हें डर लग रहा है। पूरे बिल्डिंग में बदबू है। इसलिए हमने पूरी बिल्डिंग सैनेटाइज की है। अब हमें एक बात समझ में आ गई है। अब किराएदारों का पहले बैकग्राउंड चेक करेंगे उसके बाद ही उन्हें घर किराए पर देंगे।

## यह है पूरा मामला

पुलिस अधिकारी का कहना है कि पुलिस ने मामले में वैद्य के परिजनों से बात की और शुक्रवार को उसकी तीन बहनों ने पुलिस को बयान दर्ज कराए हैं। आरोपी का कहना है कि वह वैद्य के शव को ठिकाने लगाकर अपनी जिंदगी साधारण तरीके से जीना चाहता था। हालांकि, अबतक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। आरोपी के पड़ोसियों ने बताया कि साने राशन की दुकान में काम करता था। वह मीरा रोड पर किराए में रहता था। उसने महिला के शव को कुल्हाड़ी से काटकर उसके अलग-अलग टुकड़े करके तीन अलग-अलग बाल्टियों में रखा था और बदबू छिपाने के लिए कमरे में सुगंध का छिड़काव किया था।

## ऐसे हुआ मामले का खुलासा

पुलिस ने आगे बताया कि आरोपी के पड़ोसियों ने शक करते हुए शिकायत की थी कि कमरे से सड़ने की बदबू आ रही है।

पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। शव को पहले आरोपी ने कूकर में उबाला था फिर उसे अच्छे से भूनकर बालटी और टब में रखा था। वैद्य की हत्या चार जून को हुई थी और मामले का पता सात जून को हुआ था। पड़ोसियों का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से कुत्तों को कुछ खिलाता, जो पहले उसने कभी नहीं किया था।

